<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक– 31.03.2025 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य में सड़क नेटवर्क को तेजी से विस्तार देने का दिया निर्देश, राज्य भर में 36 नए पुल और फ्लाईओवर बनाए जाने का निर्णय।
2. राज्य सरकार गोड्डा में साढ़े 42 करोड़ रुपये की लागत से लगाएगी पशु आहार कारखाना, वर्ष 2027 तक 60 लाख मीट्रिक टन दूध उत्पादन का लक्ष्य।
3. रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा– साइबर अपराध के खिलाफ देशव्यापी अभियान की जरूरत, आम लोगों से डिजिटल प्लेटफॉर्म के इस्तेमाल के समय सावधान रहने की अपील की।
4. झारखण्ड समेत पूरे देश में आज मनाई जा रही है ईद–उल–फितर; राज्य भर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम, राजधानी रांची में अतिरिक्त दो हजार पुलिसकर्मी तैनात।
5. चाईबासा के युवा क्रिकेटर साकेत कुमार सिंह का नेशनल क्रिकेट अकादमी में हुआ चयन।

****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को राज्य में सड़क नेटवर्क को तेजी से विस्तार देने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद पथ निर्माण विभाग ने राज्य भर में 36 नए पुल और फ्लाईओवर बनाए जाने का निर्णय लिया है। इस निर्माण से सड़क नेटवर्क का विस्तार होगा और आम लोगों को आवागमन में भी सहूलियत होगी। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, 18 नए पुल जनजातीय बहुल क्षेत्रों में बनेंगे।

****************

राज्य को दूध उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य सरकार गोड्डा में पशु आहार कारखाना लगाएगी। इसके जरिये वर्ष 2027 तक 60 लाख मीट्रिक टन दूध का उत्पादन हो सकेगा। कारखाना लगाने के प्रस्ताव पर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मंजूरी प्रदान कर दी है। इस परियोजना की लागत साढ़े 42 करोड़ रुपये रखी गयी है।

****************

उपराजधानी दुमका में कोयला डंपिंग यार्ड को घनी आबादी वाले क्षेत्र से हटा कर दूसरी जगह ले जाने की मांग को लेकर प्रभावित लोग धरने पर बैठे। स्थानीय लोगों का कहना है कि कोयला रैक से होने वाले अत्यधिक प्रदूषण के कारण करीब दर्जन भर मोहल्ले के लोग परेशान हैं। कोयले के डस्ट से एक और जहाँ पानी दूषित हो गया है वहीँ लोगों में सांस संबंधी बीमारियां भी बढ़ गयी हैं। धरने में शामिल सिद्धो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान के पूर्व विभागाध्यक्ष और पर्यावरणविद डॉ संजय कुमार सिन्हा ने कहा कि इस कोल डंपिंग यार्ड से करीब पच्चीस हजार की आबादी प्रभावित है।

****************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा है कि साइबर अपराध के खिलाफ देशव्यापी अभियान शुरू किये जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि साइबर सुरक्षा अब राष्ट्रीय सुरक्षा और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का भी मुद्दा बन गया है। केंद्रीय मंत्री रांची में साइबर पीस फाउंडेशन की ओर से आयोजित डिजिटल जन शक्ति अभियान के शुभारंभ के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने आम लोगों से डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की सावधानी के साथ उपयोग करने की अपील की।

****************

देवघर साइबर थाने की पुलिस ने पिछले दो दिनों में जिले के अलग–अलग क्षेत्रों से 18 संदिग्ध साइबर अपराधियों को हिरासत में लिया है। इन पर आरोप है कि ये विभिन्न प्रकार की ऑनलाइन ठगी, धोखाधड़ी और साइबर अपराधों को अंजाम दे रहे थे। पुलिस ने इन संदिग्धों से पूछताछ के बाद कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को जब्त किया है, जिसकी जांच–पड़ताल की जा रही है।

****************

ईद–उल–फितर आज झारखण्ड समेत पूरे देश में मनाई जा रही है। इसके साथ ही आज रमजान का महीना भी समाप्त हो रहा है। इस मौक़े पर आज राजधानी रांची समेत राज्यभर के ईदगाहों और मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की जा रही है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लोगों को ईद की मुबारकबाद दी है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने रांची के हरमू रोड स्थित ईदगाह में मौजूद रहकर लोगों को ईद की बधाई दी।

इधर, ईद को देखते हुए राज्य भर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गए हैं। रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चन्दन कुमार सिन्हा ने बताया कि जिले भर में रैफ समेत दो हजार पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। अधिकतर धार्मिक स्थलों पर सीसीटीवी और ड्रोन से निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस की एक टीम सोशल मीडिया पर भी विशेष नजर रख रही है।

इधर, जमशेदपुर, सिमडेगा, खूंटी, गुमला और गिरिडीह समय अन्य जिलों में भी ईद के मौके पर लोग विभिन्न मस्जिदों में नमाज अदा कर रहे हैं। सभी जिलों में ईद की बाजारें सजी हैं। बच्चों, महिलाओं और बड़ों में उत्साह नजर आ रहा है।

****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 19 अप्रैल को कटरा से कश्मीर के लिए पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को रवाना करेंगे। केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने जम्मू में संवाददाताओं से कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 19 अप्रैल को ऊधमपुर पहुंचेंगे और विश्व के सबसे ऊंचे रेल पुल का उद्घाटन करेंगे।

****************

छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच एक मुठभेड़ में एक महिला माओवादी मारी गई है। सूचना मिलने पर सुरक्षाबलों की एक संयुक्त टीम ने बीजापुर–दंतेवाड़ा जिला सीमा पर स्थित जंगल में नक्सल विरोधी अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान आज सुबह एक मुठभेड़ हुई। सुरक्षाबलों ने मारी गई नक्साली का शव बरामद कर लिया है। घटनास्थ़ल से एक राइफल और कुछ विस्फो़टक भी बरामद किए गए हैं। इस क्षेत्र में तलाशी अभियान जारी है।

****************

चक्रधरपुर रेल मंडल के राजखरसावां और बड़ाबांबो स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक में बैठकर फोटो खींचने के दौरान साउथ बिहार एक्सप्रेस की चपेट में आने से पांच साल के एक बच्चे और एक युवक की आज सुबह मौत हो गई। दोनों मृतक चक्रधरपुर के उंचीबीता गांव के रहने वाले थे।

****************

चाईबासा के युवा क्रिकेटर साकेत कुमार सिंह का चयन नेशनल क्रिकेट अकादमी में हुआ है। साकेत ने सत्र 2024–25 में विजय मर्चेंट ट्राफी की अंडर–16 क्रिकेट प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। अब वो 18 अप्रैल से 14 मई तक तमिलनाडु के सलेम में होने प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए 17 अप्रैल को तमिलनाडु के लिए रवाना होंगे। और इस रिपोर्ट में जानते हैं आईपीएल क्रिकेट के मुकाबले और इंडियन सुपर लीग फुटबॉल के बारे में।

****************